SKYC–G–GSU

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक प्रत्येक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।**

प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# GENERAL STUDIES (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

**All** questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

**Answers to Question Nos. 1 to 10 should be in 150 words each, whereas answers to Question Nos. 11 to 20 should be in 250 words each.**

Keep the word limit indicated in the questions in mind.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

RESULT MITRA

**1.** प्राचीन भारत के विकास की दिशा में भौगोलिक कारकों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Explain the role of geographical factors towards the development of Ancient India.

(Answer in *150* words) 10

**2.** महात्मा गाँधी और रवीन्द्रनाथ टैगोर में शिक्षा और राष्ट्रवाद के प्रति सोच में क्या अंतर था?

(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What was the difference between Mahatma Gandhi and Rabindranath Tagore in their approach towards education and nationalism? (Answer in *150* words) 10

**3.** विश्व के विभिन्न देशों में रेलवे के आगमन से होने वाले सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को उजागर कीजिए।

(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Bring out the socio-economic effects of the introduction of railways in different countries of the world. (Answer in *150* words) 10

**4.** उष्णकटिबंधीय देशों में खाद्य सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के परिणामों की विवेचना कीजिए।

(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Discuss the consequences of climate change on the food security in tropical countries. (Answer in *150* words) 10

**5.** आज विश्व ताजे जल के संसाधनों की उपलब्धता और पहुँच के संकट से क्यों जूझ रहा है?

(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Why is the world today confronted with a crisis of availability of and access to freshwater resources? (Answer in *150* words) 10

**6.** फियॉर्ड कैसे बनते हैं? वे दुनिया के कुछ सबसे सुरम्य क्षेत्रों का निर्माण क्यों करते हैं? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

How are the fjords formed? Why do they constitute some of the most picturesque areas of the world? (Answer in *150* words) 10

**7.** दक्षिण-पश्चिम मानसून भोजपुर क्षेत्र में 'पुरवैया' (पूर्वी) क्यों कहलाता है? इस दिशापरक मौसमी पवन प्रणाली ने क्षेत्र के सांस्कृतिक लोकाचार को कैसे प्रभावित किया है? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Why is the South-West Monsoon called 'Purvaiya' (easterly) in Bhojpur Region? How has this directional seasonal wind system influenced the cultural ethos of the region? (Answer in *150* words) 10

**8.** क्या आप सोचते हैं कि, आधुनिक भारत में विवाह एक संस्कार के रूप में अपना मूल्य खोता जा रहा है?

(उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Do you think marriage as a sacrament is loosing its value in Modern India?

(Answer in *150* words) 10

RESULTMITRA

9. भारतीय समाज में नवयुवतियों में आत्महत्या क्यों बढ़ रही है? स्पष्ट कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Explain why suicide among young women is increasing in Indian society. (Answer in *150* words) 10

10. बच्चे को दुलारने की जगह अब मोबाइल फोन ने ले ली है। बच्चों के समाजीकरण पर इसके प्रभाव की चर्चा कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Child cuddling is now being replaced by mobile phones. Discuss its impact on the socialization of children. (Answer in *150* words) 10

11. वैदिक समाज और धर्म की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं? क्या आप सोचते हैं कि उनमें से कुछ विशेषताएँ भारतीय समाज में अभी भी प्रचलित हैं? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

What are the main features of Vedic society and religion? Do you think some of the features are still prevailing in Indian society? (Answer in *250* words) 15

12. सल्तनत काल के दौरान किये गये बड़े तकनीकी बदलाव क्या थे? उन तकनीकी बदलावों ने भारतीय समाज को कैसे प्रभावित किया था? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

What were the major technological changes introduced during the Sultanate period? How did those technological changes influence the Indian society? (Answer in *250* words) 15

13. भारत में औपनिवेशिक शासन ने आदिवासियों को कैसे प्रभावित किया और औपनिवेशिक उत्पीड़न के प्रति आदिवासी प्रतिक्रिया क्या थी? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How did the colonial rule affect the tribals in India and what was the tribal response to the colonial oppression? (Answer in *250* words) 15

14. भारत की लंबी तटरेखीय संसाधन क्षमताओं पर टिप्पणी कीजिए और इन क्षेत्रों में प्राकृतिक खतरे की तैयारी की स्थिति पर प्रकाश डालिए। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Comment on the resource potentials of the long coastline of India and highlight the status of natural hazard preparedness in these areas. (Answer in *250* words) 15

15. भारत में प्राकृतिक वनस्पति की विविधता के लिए उत्तरदायी कारकों को पहचानिए और उनकी विवेचना कीजिए। भारत के वर्षा-वन क्षेत्रों में वन्यजीव अभयारण्यों के महत्त्व का आकलन कीजिए। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Identify and discuss the factors responsible for diversity of natural vegetation in India. Assess the significance of wildlife sanctuaries in rain forest regions of India. (Answer in *250* words) 15

16. भारत में मानव विकास आर्थिक विकास के साथ कदमताल करने में विफल क्यों हुआ? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Why did human development fail to keep pace with economic development in India? (Answer in *250* words) 15

RESULTMITRA

**17.** 1960 के दशक में शुद्ध खाद्य आयातक से, भारत विश्व में एक शुद्ध खाद्य निर्यातक के रूप में उभरा। कारण दीजिए।
(उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

From being net food importer in 1960s, India has emerged as a net food exporter to the world. Provide reasons. (Answer in *250* words) 15

**18.** क्या भारतीय महानगरों में शहरीकरण गरीबों को और भी अधिक पृथक्करण और/या हाशिए पर ले जाता है?
(उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Does urbanization lead to more segregation and/or marginalization of the poor in Indian metropolises? (Answer in *250* words) 15

**19.** भारत में जातीय अस्मिता गतिशील और स्थिर दोनों ही क्यों है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Why is caste identity in India both fluid and static? (Answer in *250* words) 15

**20.** संजातीय पहचान एवं सांप्रदायिकता पर उत्तर-उदारवादी अर्थव्यवस्था के प्रभाव की विवेचना कीजिए।
(उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Discuss the impact of post-liberal economy on ethnic identity and communalism.
(Answer in *250* words) 15

★★★

RESULT MITRA